ओम शान्ति मीठे रूहानी दैवीय परिवार के विश्व सेवा पर तत्पर भाईजी/बहिनजी

पिछले दिनों मैडीकल विंग के अभियान – "मेरा भारत व्यसन मुक्त भारत" के अन्तर्गत ब्रह्माकुमारीज़, हाथरस (आनन्दपुरी कालोनी) द्वारा की जा रही सेवा के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के राजभवन से प्राप्त निमंत्रण एक प्रतिनिधिमण्डल उत्तर प्रदेश के राज्यपाल भ्राता रामनाइक जी से राजभवन में मिला। जिसमें लखनऊ से बी.के. राधा दीदीजी, बी.के.बद्रीविशाल भाई तथा हाथरस से बी0के0 गजेन्द्र भाई एवं बी.के. दिनेश भाई भी शामिल थे।

हाथरस और आसपास के इलाकों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सरकारी संस्थाओं में आपकी छोटी बहिन शान्ता और दैवीय परिवार द्वारा नशे के खिलाफ किये जा रहे प्रयासों और राजयोग की दी जा रही शिक्षाओं की एक रिपोर्ट के अलावा मैडीकल विंग के माई इण्डिया हैल्दी इंडिया आदि प्रयासों की जानकारी बी.के. दिनेश भाई द्वारा राज्यपाल महोदय को दी गई। साथ ही उनसे आग्रह किया गया कि वे शैक्षणिक संस्थाओं में नशे से होने वाली हानियों के सम्बन्ध में पाठ्यक्रम आदि लागू करने का उपाय करें। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय का मैडीकल विंग इस सम्बन्ध में अपनी सेवायें देने के लिए सदा तत्पर रहेगा। राज्यपाल महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं के बाद कुछ कर पाने का आश्वासन दिया गया।

अच्छा जी, ओम शान्ति

बाबा की याद और ईश्वरीय सेवा पर
आपकी दैवीय बहिन

बी.के. शान्ता
ब्रह्माकुमारीज़,
शान्ति भवन, आनन्दपुरी कालोनी,
हाथरस

pdfMachine - is a pdf writer that produces quality PDF files with ease!
Get yours now!
"Thank you very much! I can use Acrobat Distiller or the Acrobat PDFWriter but I consider your product a lot easier to use and much preferable to Adobe's" A.Sarras - USA